समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# आगजनी की घटना पर रोक लगाने हेतु ज्वलनशील भण्डारण केन्द्रो का आज से सर्वेक्षण प्रारंभ

रतलाम 16 अक्टूबर । रतलाम शहर में मोहन नगर व लक्कड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निदेशानुसार निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु दलों का गठन किया जाकर श्री जी.के. जायसवाल प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन का सर्वेक्षण किये जाने हेतु वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के लिये श्री राजेन्द्र मिश्रा उपयंत्री, श्री प्रवीण शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री महेन्द्रसिंह सोलंकी उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 9 से 16 तक के लिये श्री राजेश पाटीदार उपयंत्री, श्री इलियास मंसूरी सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री जय उपाध्याय उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 17 से 24 तक के लिये श्री बृजेश कुशवाह उपयंत्री, श्री राजेन्द्र शर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री आशीष चौहान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 25 से 32 तक के लिये श्री मनीष तिवारी उपयंत्री, श्री राजेन्द्र वाघेला सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री तरूण राठौड़ उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, वार्ड क्रमांक 33 से 40 तक के लिये सुश्री दीक्षा निजामपुरकर उपयंत्री, श्री प्रदीप उपाध्याय सहायक राजस्व निरीक्षक व श्री सौरभ काला उप स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा वार्ड क्रमांक 41 से 49 तक के लिये श्री श्रीमती अनिता ठाकुर उपयंत्री, श्री विजय कपूर सहायक राजस्व निरीक्षक व श्रीमती मोनिका चौहानउप स्वच्छता पर्यवक्षक को नियुक्त किया है जो नोडल अधिकारी श्री जायसवाल के निर्देशन व नियंत्रण में 3 दिवस में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र मं जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। सर्वेक्षण उपरांत ज्वलनशील भण्डारण केन्द्रों को रहवासी क्षेत्रों से हटाने व सील करने की कार्यवाही की जायेगी।

# फॉगिंग व हैण्ड स्प्रै मशीन से प्रतिदिन प्रातः व सांयकाल 5–5 वार्डो में होगा कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम 16 अक्टूबर । मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हेतु दो शिफ्टों में वार्डवार फॉगिंग व हैण्ड स्प्रै मशीन से कीटनाशक दवा छिड़काव किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर अधिकारी एवं कर्मचारियों को पाबंद किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हेतु दो शिफ्टों में वार्डवार फॉगिंग व हैण्ड स्प्रै मशीन से कीटनाशक दवा छिड़काव किये जाने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन प्रति वार्ड में 10 कर्मचारी एक साथ कीटनाशक दवाई का छिड़काव करेंगे, इस प्रकार प्रथम शिफ्ट प्रातः 05:00 से 08:30 में 50 कर्मचारियों द्वारा 5 वार्डो में कार्य किया जायेगा एवं द्वितीय शिफ्ट सांय 06:00 से रात्रि 10:00 में पुनः यही कर्मचारी अगले 5 वार्डो में कार्य करेंगे। इसी प्रकार फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा छिड़काव हेतु चार वाहनों से प्रतिदिन प्रथम शिफ्ट प्रातः 05:00 से 08:30 व द्वितीय शिफ्ट सांय 06:00 से रात्रि 10:00 बजे तक कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जायेगा।

